# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
**NAAC A++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः—रू0वि0 / रासेयो / 2023 / 1708-1714 — दिनांकः—13.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महा0ज्यो0फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः—"छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम" (Student Police Experiential Programme/Internship) के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के पत्र संख्या स0 15—01 / रा0से0यो0 / क्षेनि / लख / 2023—24 / 3854—3988 दिनांक 12 सितम्बर, 2023 के सन्दर्भ में अवगत कराना है। कि जिसके अन्तर्गत स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में अध्यनरत् महिला एवं पुरूष रा0से0यो0 स्वयंसेवकों के साथ छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयंसेवकों द्वारा 30 दिनों तक प्रतिदिन 04 घंटे, कुल 120 घंटे पुलिस थानों की कार्यशैली एवं पद्धति को समझाने हेतु स्थानीय पुलिस थानों में कार्य किया जायेगा। जिसके लिए नई शिक्षा नीति के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशानुसार 02 क्रेडिट अंक स्वयंसेवक की मार्कशीट में दर्ज होगें तथा उचित प्रभाणपत्र प्रदान किया जायेगा। **उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम उ0प्र0 के माननीय मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी की सरंक्षता एवं नियंत्रण में किया जाना प्रस्तावित है।**

**"छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम" (Student Police Experiential Programme/Internship)** समापन **समारोह में प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवकों के अनुभव की जानकारी हेतु स्वयंसेवकों को भी आंमत्रित किये जाने** एवं **पुरस्कृत किये जाने की योजना भी प्रस्तावित है।**

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ के संलग्न पत्र अनुसार बरेली, बदायूँ, रामपुर सम्भल, मुरादाबाद, बिजनौर, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, अमरोहा **(प्रत्येक जनपद से 50 स्वयंसेवक)** जिले से उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु न्यूनतम 50 रा0से0यो0 के स्वयंसेवकों का विवरण संलग्न प्रारूप पर एक्सलसीट की शॉफ्ट कॉपीं (अग्रेजी में) पर अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 14.09.2023 सायं 04 **बजे** तक तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे ससमय शासन को सूचना प्रेषित की जा सके। कार्य को शीर्ष प्राथमिकता दें।

**संलग्नक—यथोक्त।**

भवदीय

प्रो0सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
3. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. समस्त नोडल अधिकारियों (रा0से0यो0) को इस आशय से प्रेषित कि आप रा0से0यो से सम्बद्ध महाविद्यालयों से उक्त के सम्बन्ध में सम्पर्क कर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें एवं साथ ही अधोहस्ताक्षरी को सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना